मासिक पत्रिका

युवा भारत

अप्रैल 2021 | **हिंदुस्तान की युवा तस्वीर** | e-पत्रिका

Published By:

YOUTH TIMES NEWS

संपादक संदेश

बादल चौधरी

मुख्य संपादक एवं संस्थापक- यूथ टाइम्स न्यूज चैनल

प्रिय पाठक,

मुझे आशा है की "युवा भारत पत्रिका" का मार्च 2021 का पहला अंक आपको अच्छा लगा होगा। जागरूकता फैलाने की कड़ी में दूसरा अंक- अप्रैल 2021 भी आप सभी के समक्ष प्रस्तुत है जो समाज की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

यूथ टाइम्स न्यूज चैनल की ये मासिक हिन्दी पत्रिका समाज की हर पीढ़ी में एक नई ऊर्जा का स्त्रोत है। आप भी इस पत्रिका के माध्यम से अपनी कविताएँ, लेख, चित्रकला आदि, किसी भी प्रकार का जागरूकता फैलाने वाला या प्रेरित करने वाला अंश लोगों तक पहुँचा सकते है।

धन्यवाद

अपनी कविताएँ, लेख, चित्रकला आदि पत्रिका में छपवाने हेतु:
ईमेल करें: news.youthtimes@gmail.com, व्हाट्सप्प करें: 9760260952

संपादकीय

कोरोना का चुनाव

भारत कोरोना की चपेट में वैसे तो पहले से ही था, लेकिन कोरोना का विकराल रूप इस समय नित ही देखने को मिल रहा है। ऐसे में अप्रैल में आयोजित बंगाल विधानसभा चुनाव व उत्तर प्रदेश पंचायत चुनावों ने भी कोरोना की बढ़त में कसर नहीं छोड़ी।

विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा की गई जन सभाएँ और उनमे टूटे कोरोना रोकधाम के नियम अप्रैल के मुख्य आकर्षण रहे और इस बीच ताज़ुब की बात ये की अपनी सेहत का पूरा खयाल रखने वाली जनता ने भी इस चुनाव में "कोरोना को चुना"।

चुनाव में जीत किसी की भी हुई हो लेकिन एक कड़वा सच ये है की जनता हार गई।

-बादल चौधरी

प्रेरणा..

सपनो की उड़ान
धरती से ही भरनी होगी,
ये मेहनत आज नही तो कल
करनी ही होगी
रातो को सवेरा और सवेरे को रात
बनाना ही होगा
जहाँ पहुचने का सोच रहे हो तुम
उसका रास्ता खुद तुम्हे बनाना ही होगा|

- हिमांशु शर्मा

(विद्यार्थी- संकल्प भवन, दिल्ली)

अप्रैल 2021 महत्वपूर्ण दिवस

- **विश्व स्वास्थ्य दिवस:** विश्व स्वास्थ्य संगठन (जो विश्व के देशों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर आपसी सहयोग की संस्था है) की स्थापना 7 अप्रैल 1948 को हुई थी इसलिए हर वर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है।

- **अंबेडकर जयंती:** भारत के संविधान लिखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले डॉक्टर भीम राव अंबेडकर के जन्मदिवस पर 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती मनाई जाती है।

- **पंचायती राज दिवस:** 24 अप्रैल, 1993 का दिन देश में सत्ता के विकेंद्रीकरण की दिशा में ऐतिहासिक अवसर था, जब सत्ता को जमीनी स्तर तक पहुंचाया गया। इसी दिन पंचायती राज व्यवस्था को संस्थागत स्वरूप दिया गया और इसके लिए संविधान में 73वां संशोधन किया गया इसलिए 24 अप्रैल को भारत में ये दिवस मनाया जाता है।

राष्ट्र सेवा सर्वोपरि

राष्ट्रीय लोक सेवा दिवस विशेष

हर वर्ष 21 अप्रैल को राष्ट्रीय लोक सेवाएँ (सिविल-सर्विसेज़) दिवस मनाया जाता है। ये दिन भारत के सिवल सर्वेन्टस (आईएएस, आईपीएस, आदि) को संगठित करने में अहम योगदान देता है। सिवल सर्वेन्टस वो हैं जो परदे के पीछे से लोगों की सेवाएँ करते हैं क्योंकि उनके लिए राष्ट्र सेवा सर्वोपरि होती है।

लोग अपनी समस्याओं को बेझिझक सिवल सर्वेन्टस के साथ साझा करते हैं जो उन समस्याओं की मूल तक जाकर उन्हे नष्ट करने में कोई कसर नहीं छोड़ते।

प्रतिभा की खोज..

"युवा भारत पत्रिका" के माध्यम से प्रतिभाशील युवाओं की खोज के लिए "यूथ टाइम्स न्यूज चैनल" लाया है विशेष **निबंध लेखन प्रतियोगिता: प्रतिभा की खोज**।

अप्रैल 2021 **विषय**:

"कोरोना- स्वास्थ्य सेवाएँ लाचार, अब क्या उपचार?"

सबसे अच्छे तीन निबंधो को "युवा भारत पत्रिका" में प्रतिभागी के नाम और फोटो के साथ छापा जाएगा एवं e-सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

नियम:

- निबंध ईमेल द्वारा हमारी ईमेल पर ही भेजे जाने चाहिए।
- शब्द सीमा- 1000 शब्द
- एक प्रतिभागी से केवल एक ही निबंध मान्य होगा।
- निबंध के साथ अपना नाम, पता, मोबाईल न., पासपोर्ट साइज़ फोटो, एवं निबंध की मोलिकता की शपथ भी साथ में अटैच करे।
- "युवा भारत पत्रिका" का निर्णय अंतिम एवं बाध्य होगा।
- हमारी ईमेल है: news.youthtimes@gmail.com
- अंतिम तिथि: 30 मई 2021

युवा भारत

---------- युवा भारत मासिक पत्रिका ----------

Published By:

Youth Times News Channel

Address: B-276/1, St. No. 4-B, Durgapuri Extn.,
Shahdara, Delhi- 110093
Website: https://newsyouthtimes.wixsite.com/channel
Email: news.youthtimes@gmail.com
Whatsapp: 9760260952
(Copyright- Youth Times News Channel)
प्रतिएक माह की पत्रिका अविलंब पाने के लिए हमारी मेल पर संपर्क करें